# CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI
# छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

क्रमांक : छगस्वावितवि/सूचना/2023/6335 भिलाई, दिनांकः 07/11/2023

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध संस्थाएं
छत्तीसगढ़

विषयः– **सत्र 2023–24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों (पी.एच.डी. कोर्स को छोड़कर) में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में नामांकन के संबंध में।**

महोदय,

विषयांतर्गत ज्ञात हो कि वर्तमान सत्र 2023–24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का नामांकन विश्वविद्यालय में होना है। Lateral छात्रों व नियमित छात्रों के लिए नामांकन की अवधि/प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

**सत्र 2023–2024 में प्रवेशित सभी विद्यार्थियों (लेट्रल एट्री एवं प्रथम सेमेसटर) के लिए** :–

विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.csvtu.ac.in में दिए गए Enrollment form लिंक के माध्यम से ऑनलाईन(Online) नामांकन फार्म भरे जाने है, जो दिनांक **08 नवम्बर 2023** से **28 नवम्बर 2023** तक उपलब्ध रहेगा। नामांकन संबंधी शुल्क ऑनलाइन नामांकन फार्म के साथ ही अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जाना है। इस संबंध में महाविद्यालय से यह अपेक्षा की जाती है कि विद्यार्थियों के नामांकन फार्म का प्रिंट–आउट सभी जानकारियों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुव्यवस्थित रूप से संलग्न कर परीक्षण उपरान्त ही नामांकन फार्म को संस्थाओं द्वारा **Approval** कर दिनांक **04 दिसम्बर 2023** तक विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें।

विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक छगस्वावितवि/सू.प्र./2023/6110 दिनांक 28/10/2023 द्वारा छात्रों को ABC ID बनाना अनिवार्य किया गया है, जिसकी प्रविष्टि Online नामांकन फार्म में अनिवार्य रूप से किया जाना है। अतः नामांकन फार्म में प्रविष्टियॉ इंगीत करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि छात्र का ABC ID बना है।

**प्रवेशित कोर्स के निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य दस्तावेजों का सत्यापन संस्था द्वारा सुनिश्चित करें। किसी भी त्रुटि के लिये संबंधित महाविद्यालय जिम्मेदार होगा अतः हस्ताक्षर करने के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, अटल नगर नवा रायपुर "छत्तीसगढ़ तकनीकी संस्थाओं हेतु प्रवेश नियम 2023" के अनुसार नामांकन में त्रुटि शून्यता को प्राचार्य निश्चित कर लेवें। नामांकन निरस्त होने के स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी संस्था/विद्यार्थी की होगी।**

विश्वविद्यालय से संबंद्व समस्त महाविद्यालय ऑनलाइन (Online) नामांकन फार्म की प्रक्रिया के संबंध में छात्र–छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।

नामांकन फार्म से संबंधित समस्त जानकारियों से विद्यार्थियों को अवगत करायें।

संलग्नः– दिशा निर्देश का पालन अनिवार्य रूप से करें।

नोटः– 1) नामांकन फार्म के ऑनलाइन प्रक्रिया (Online Process) में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या पर फोन नं. 0778 2445035 एवं ई मेल csvtu.digivarsity@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

2) ऑफ लाईन नामांकन फार्म ( Offline Enrollment form ) विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नही किये जायेगें।

कुलसचिव
छगस्वावितवि,भिलाई

प्रतिलिपिः

1. निज सहायक, माननीय कुलपति महोदय।
2. मास्टर फाईल।

Village-Newai, Post-Newai, Bhilai, Distt.-Durg (Chhattisgarh) PIN-491107, Ph. No.: 0788-2200062, Fax No.: 0788-2445020, Website: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in

## // नामाकंन फार्म विश्वविद्यालय भेजने के आवश्यक दिशा निर्देश //

*****

1 नामांकन फार्म के प्रिंटआउट में संस्था के प्राचार्य का **हस्ताक्षर एवं मोहर** होना अनिवार्य है।

2 नामांकन फार्म के प्रिंटआउट के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की **महाविद्यालय द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि** अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

- क) 10वीं की अंकसूची महाविद्यालय द्वारा **सत्यापित प्रतिलिपि**।
- ख) निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अंकसूची की महाविद्यालय द्वारा **सत्यापित प्रतिलिपि**।
- ग) निवासी प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **सत्यापित प्रतिलिपि** (यदि लागू हो)।
- घ) प्रवेश का DTE द्वारा जारी किया गया Receipt-Cum- Acknowledgement of Confirmation of Admission संस्था के प्राचार्य से सत्यापित।
- ड.) आवश्यक प्रवेश परीक्षा स्कोर कार्ड की **सत्यापित प्रतिलिपि** (यदि लागू हो)।
- च) स्थाई / उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र (ST,SC,OBC) एवं छ.ग. निवासी प्रमाण पत्र (CG domicile) अनिवार्य रूप से संलग्न करें (यदि लागू हो)।
- छ) यदि विद्यार्थी छत्तीसगढ़ बोर्ड (CGBSE) के अलावा अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय से इस विश्वविद्यालय में किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेता है तो **ओरिजनल प्रवजन प्रमाण–पत्र(Original Migration Certificate)** जमा करना अनिवार्य होगा।
- ज) वर्तमान शिक्षा सत्र् में प्रवेश लेने के पूर्व पढ़ाई में अतराल (Gap) हुआ हो तो **ओरिजनल गेप सर्टिफिकेट (Original Gap Certificate)** अनिवार्य रूप से जमा करें।

3 यदि विद्यार्थी का नामांकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका था परंतु उसने अपना **प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate)** विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लिया है, या **Migration Certificate** के लिए आवेदन किया है ऐसे विद्यार्थी को पुनः इस विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए **ओरिजनल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Original Migration Certificate)** जमा करना होगा।

4 आवश्यकता पड़ने पर सभी मूल प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

5 विभिन्न पार्ट टाइम कोर्स में प्रवेश के लिए दो वर्ष का **अनुभव प्रमाण पत्र (निर्धारित योग्यता के उपरांत), वर्तमान संस्था में कार्य करने का प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र** अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

6 नामांकन फार्म जमा करते समय संस्था के **Covering letter** के साथ दिये गये **Annexure-1** को भरकर अनिवार्य रूप से दो स्वच्छ प्रति में जमा करें। (संलग्न है) साथ ही विश्वविद्यालय के mail पर भी भेजे।

7 **Covering letter के साथ दिये गये Annexure-2 को भरकर प्रत्येक नामांकन फार्म के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।**

8 विश्वविद्यालय से प्राप्त **Affiliation for academic session 2023-24** की एक स्वच्छ प्रति अनिवार्य रूप से जमा करें।

9 उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं होने पर एवं दस्तावेज के अभाव में प्रेषित किये गये नामाकंन फार्म विश्वद्यिालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें।

नोटः– 1. महाविद्यालय व विद्यार्थी नामांकन फार्म भरने के पश्चात् भरे हुए नामांकन फार्म के प्रिंट–आउट की एक प्रति अवश्य सुरक्षित रखें। किसी प्रकार की त्रुटि सुधार हेतु नामांकन फार्म के प्रिंट–आउट को विश्वविद्यालय में प्रेषित करें।

**2. नामांकन मे किसी भी प्रकार की असुविधा / समस्या होने की स्थिति में Digivarsity के Helpdesk पर Ticket Raise कर विश्वविद्यालय को सूचित करें।**

कुलसचिव
छगस्वतवि,भिलाई

Annexure-1

# Enrollment-2023_2024

**Name of Institution :-**

**Institute Code:-**

**Course:-** **Semester/Year:-** **Full/Part Time:-**

| S.N. | Application No. | Program/ Branch | Student Name | Father Name | Date of Birth | Gender | Category | Contact No. | Migration Fees | Enrollment Fees | Total Fees | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | Total | | | | |

**Principal**
**Seal and Signature**

**Note: Please mail of copy of Annexure-1 to the University mail 1. infocell@csvtu.ac.in and 2. accounts@csvtu.ac.in**

संस्था द्वारा नांमांकन फार्म के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु जॉच सूची, जिसे छात्र के नामांकन फार्म के साथ विश्वविद्यालय प्रेषित किया जाना है।

(Document Verification Check List for Enrollment Form by the Institute, which has to be sent to the University along with the Enrollment Form of each Student)

| S.N | Attached Documents | Verification by Institute (Yes/No) | Verification by University (Yes/No) |
|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल सर्टिफिकेट (10वीं) की छायाप्रति | | |
| 2 | हायर सेकेन्ड्री स्कूल सर्टिफिकेट (12वीं) की छायाप्रति | | |
| 3 | डिप्लोमा सर्टिफिकेट की छायाप्रति | | |
| 4 | संबंधित प्रवेश परीक्षा के स्कोर कार्ड की छायाप्रति | | |
| 5 | निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 6 | जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 7 | आय प्रमाण पत्र (यदि जाति प्रमाण पत्र सन् 2020 के पूर्व का हो तो) | | |
| 8 | मूल प्रवजन प्रमाण पत्र (Original Migration Certificate) यदि लागू हो तो | | |
| 9 | मूल गैप सर्टिफिकेट (Original Gap Certificate) यदि लागू हो तो | | |
| 10 | प्रवेश का DTE द्वारा जारी किया गया Receipt-Cum-Acknowledgement of Confirmation of Admission की छायाप्रति | | |
| 11 | अन्य कोई दस्तावेज यदि हो तो उल्लेख करें | | |

प्राचार्य / डायरेक्टर के हस्ताक्षर मुहर के साथ

छगस्वावितविवि के अधिकारी के हस्ताक्षर